***प्रेस नोट – 11.07.2025***

***बिहार के हर 4 में से 3 मतदाताओं ने अपने एन्यूमरेशन फॉर्म जमा किए***
***74.39% एन्यूमरेशन फॉर्म एकत्रित***

एन्यूमरेशन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि से 14 दिन पहले ही बिहार के 7,89,69,844 (लगभग 7.90 करोड़) मतदाताओं में से 74% से अधिक ने अपने फॉर्म पहले ही जमा कर दिए हैं।

SIR (विशेष गहन पुनरीक्षण) के दूसरे चरण में, बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं की सहायता कर रहे हैं और उनके भरे हुए एन्यूमरेशन फॉर्म एकत्र कर रहे हैं।

ज़मीनी स्तर पर कार्य कर रहे 38 जिला निर्वाचन अधिकारी (DEOs), सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों को कवर करने वाले EROs तथा 963 AEROs इस पूरी प्रक्रिया की नियमित निगरानी कर रहे हैं।

एन्यूमरेशन फॉर्म का डिजिटलीकरण एवं ECINet पर अपलोड करने की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। SIR दिशानिर्देशों के पैरा 3(h) के अनुसार, बीएलओ द्वारा अब तक एकत्र किए गए कुल फॉर्म में से 3.73 करोड़ एन्यूमरेशन फॉर्म BLO ऐप/ECINet के माध्यम से सफलतापूर्वक डिजिटाइज़ और अपलोड किए जा चुके हैं।

आज, ECINet में AERO/ERO द्वारा अपलोड किए गए फॉर्म के सत्यापन के लिए एक नया मॉड्यूल भी लागू किया गया है।

आज दिनांक 11 जुलाई 2025 की शाम 6:00 बजे तक, 24 जून 2025 को SIR निर्देश जारी होने के बाद बीते 17 दिनों में कुल 5,87,49,463 एन्यूमरेशन फॉर्म एकत्र किए जा चुके हैं, जो कुल फॉर्म का ***74.39%*** है।

एन्यूमरेशन फॉर्म 25 जुलाई 2025 तक जमा किए जा सकते हैं।

77,895 बीएलओ के साथ-साथ हाल ही में नियुक्त किए गए 20,603 नए बीएलओ और अन्य चुनाव अधिकारी समय पर इस प्रक्रिया को पूर्ण करने हेतु लगातार मेहनत कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, 4 लाख से अधिक स्वयंसेवक बुजुर्गों, दिव्यांगजनों, बीमार और कमजोर वर्गों की सहायता कर रहे हैं। साथ ही, सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 1.56 लाख सक्रिय बूथ स्तर एजेंट (BLA) भी इस अभियान में सहयोग कर रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप अब तक 74.39% एन्यूमरेशन फॉर्म एकत्रित किए जा चुके हैं।